__/__/____

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date- Class - VI

Subject- Hindi Language Page - 1

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

'वाक्य विचार'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण का है। आज इस पाठ में हम वाक्य की परिभाषा और उसके अंगों के बारे में पढ़ेंगे।

बच्चो ! वाक्य भाषा की एक महत्वपूर्ण इकाई है। वर्णों के मेल से शब्द और शब्दों के मेल से वाक्य बनता है। परंतु वाक्य में प्रयुक्त शब्दों का एक व्यवस्थित क्रम तथा निश्चित अर्थ होता है। अव्यवस्थित शब्दों के क्रम को हम वाक्य नहीं कह सकते।

नीचे दिए वाक्यों को ध्यानपूर्वक देखें -

(क) पौधे खिला फूल में है एक।

(ख) घर सुंदर है बहुत हमारा।

बच्चो ! इन शब्दों के क्रम से वाक्य का अर्थ स्पष्ट नहीं हो रहा। ये शब्द समूह तभी एक सार्थक वाक्य बनते हैं, जब इन शब्दों को एक निश्चित तथा व्यवस्थित क्रम में रखा जाता है। अब हम इन्हीं वाक्यों को व्यवस्थित क्रम में रखकर लिखेंगे।

(क) पौधे में एक फूल खिला है।

(ख) घर सुंदर है बहुत हमारा।

Scanned with CamScanner

__/__/____

Date- [redacted] Class - VI
Subject - Hindi Language Page - 2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

इस प्रकार :-
शब्दों के व्यवस्थित तथा सार्थक समूह को वाक्य कहते है।
वाक्य के दो अंग होते हैं।

- उद्देश्य
- विधेय

1. उद्देश्य :- वाक्य में जिसके बारे में कुछ कहा जाता है, उसे सूचित करने वाले शब्द को उद्देश्य कहते हैं। ये वाक्य का कर्ता होता है। कभी कर्ता एक शब्द और कभी एक से अधिक शब्दों में भी होता है।

उदाहरण -
(क) माली पौधों को पानी दे रहा है।
(ख) छोटी लडकी गेंद से खेल रही है।

इन वाक्यों मे माली तथा छोटी लडकी के विषय में बात की जा रही है, ये वाक्य के कर्ता हैं। इस लिए ये ही उद्देश्य हैं।

2. विधेय :- वाक्य में उद्देश्य या कर्ता के विषय में जो बताया या कहा जाता है, उसे विधेय कहते हैं।

उदाहरण :-
(क) चित्रकार चित्र बना रहा है।
उद्देश्य विधेय

Scanned with CamScanner

__/__/____

Date-                Class - VI
Subject - Hindi Language        Page - 3
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

(ख) छोटी लड़की गुड़िया से खेल रही है।

उद्देश्य → छोटी लड़की
विधेय → गुड़िया से खेल रही है

बच्चो! इन वाक्यों में चित्र बना रहा है तथा गुड़िया से खेल रही है, विधेय है। क्योंकि ये वाक्य के कर्ता चित्रकार, छोटी लड़की के बारे में बता रहे हैं।

इस प्रकार -
वाक्य में कर्ता तथा कर्ता के विस्तार को छोड़कर वाक्य का पूरा भाग विधेय के अंतर्गत आता है।

गृहकार्य

1) नीचे दिए गए वाक्यों में से उद्देश्य छाँट कर लिखें-

(क) पूजा ने कविता प्रतियोगिता में भाग लिया।
(ख) दीपक बड़े होकर सैनिक बनना चाहता है।
(ग) मेरा छोटा भाई दिल्ली में रहता है।
(घ) सूर्य अस्त हो गया।
(ङ) लंका के अत्याचारी राजा रावण ने सीता जी का अपहरण किया था।

2) नीचे दिए गए वाक्यों में से विधेय को रेखांकित करें -
(क) मैं बस से स्कूल जाती हूँ।
(ख) काला घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता जीतेगा।
(ग) माँ ने मेरा जन्म दिन मनाया।
(घ) रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेज़ों से खूब लोहा लिया।

धन्यवाद!

Last page

Scanned with CamScanner